कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

[redacted] ग्राम मण्डावर तहसील महुआ जिला दौसा राजस्थान, अस्थाई [redacted] न्यू बिल्डिंग, सेशन कोर्ट, बनीपार्क, जयपुर।

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा।

अपील सं0 04/2021

दिनांक : 11.02.2021

निर्णय

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल स्पष्ट प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/96 दिनांक 12.01.2021 एवं स्मरण पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/196 दिनांक 28.01.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा जिला दौसा से प्राप्त पत्रांकः एलआर/आरटीआई/2021/484 दिनांक 08.02.2021 द्वारा अवगत करवाया की अपीलांट को सूचना 19.01.2021 को जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेषित की जा चुकी है। जिसकी प्रतिलिपि पत्रांक 69 दिनांक 19.01.2021 के द्वारा अपील की बिन्दुवार सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा